## डिस्टिक क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यक्रम के प्रगति की मासिक समिक्षा बैठक जनपद–महराजगंज दिनांक 09.02.2017 की कार्यवृत्ति

दिनांक 09.02.2017 को अपरान्ह 11:00 बजे डिस्टिक क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यकम की मासिक बैठक मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता मे मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

समस्त चिकित्सा अधिक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/सामु0/प्रा0स्वा केन्द्र/हास्पिटल मैनेजर/बी0पी0एम0, जनपद–महराजगंज।

बैठक के प्रारम्भ में डा0 सन्तोष कुमार ओझा, डिस्ट्रिक क्वालिटी कंसल्टेन्ट महराजगंज के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। क्वालिटी एश्योरेन्स सेल की गठन के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया गया कि जनपद में जन सामान्य को गुणवत्तापूर्वक, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु क्वालिटी एश्योरेन्स सेल स्थापित है। जिसमें एन0एच0एम0 की गाईड लाईन के अनुसार मानव संसधान डिस्ट्रिक कन्सलटेन्ट, हास्पिटल क्वालिटी मैनेजर एवं प्रोग्रम असिस्टेन्ट तैनात है।

डॉ0 सन्तोष ने बताया कि भारत सरकार द्वारा क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत कायाकल्प योजना के अन्तर्गत चिन्हित चिकित्सा ईकाईयों को निर्धारित मानक के अनुसार सुदृढ़ किया जाना है एवं नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स सर्टिफिकेशन प्राप्त करने हेतु विकसित किया जाना है।

कायाकल्प एवार्ड योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चिन्हित ईकाईयों के द्वारा राज्य में प्रथम/द्वितीय स्थान प्राप्त करने डॉ0 सन्तोष ने बताया कि भारत सरकार द्वारा क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत कायाकल्प योजना के अन्तर्गत चिन्हित चिकित्सा ईकाईयों को निर्धारित मानक के अनुसार सुदृढ़ किया जाना है एवं नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स सर्टिफिकेशन प्राप्त करने हेतु विकसित किया जाना है।

कायाकल्प एवार्ड योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चिन्हित ईकाईयों के द्वारा राज्य में प्रथम/द्वितीय स्थान प्राप्त करने एवं 70 प्रतिशत् या उससे अधिक स्कोर प्राप्त करने पर एवार्ड के रूप मे चिकित्सा इकाईयों को धनराशि का प्राविधान है। जिसका विवरण निम्नप्रकार है–

- ❖ जिला स्तरीय चिकित्सालय प्रथम स्थान (रू0 50.00 लाख)
- ❖ जिला स्तरीय चिकित्सालय द्वितीय स्थान (रू0 20.00 लाख)
- ❖ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम स्थान (रू0 15.00 लाख)
- ❖ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वितीय स्थान (रू0 10.00 लाख)
- ❖ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम स्थान (रू0 20.00 लाख)

**70 प्रतिशत् यो उससे अधिक स्कोर प्राप्त करने पर कायाकल्प योजना के अन्तर्गत एवार्ड की धनराशि का विवरण निम्नानुसार है–**

- ❖ जिला स्तरीय चिकित्सालय (रू0 30.00 लाख)
- ❖ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (रू0 01.00 लाख)
- ❖ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (रू0 00.50 लाख)

डॉ0 सन्तोष कुमार ओझा ने बताया कि जनपद–महराजगंज में भारत सरकार द्वारा चिन्हित चिकित्सा ईकाईयों में जिला संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज, सामु0स्वा0केन्द्र–निचलौल, सामु0स्वा0केन्द्र–परतावल, प्रा0स्वा0केन्द्र–पनियरा, प्रा0स्वा0केन्द्र–घुघली, प्रा0स्वा0केन्द्र–रतनपुर, प्रा0स्वा0केन्द्र–सिसवा, प्रा0स्वा0केन्द्र–बहदुरी को 2016–17 में सम्मिलित किया गया है।

चिन्हित चिकित्सा ईकाईयों से प्राप्त (Internal Assememt) के द्वारा चेकलिस्ट प्राप्त हो गया है। कायाकल्प योजना हेतु चिन्हित सभी ईकाईयों में प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें प्रा0स्वा0केन्द्र सिसवा का (Internal Assememt) में 70.3 %score प्राप्त हुआ था लेकिन (Peer Assememt) में 67.3 % ही score प्राप्त हुआ।

डॉ0 सन्तोष कुमार ओझा द्वारा बताया गया कि चिन्हित ईकाईयों में कमेटियों के निर्माण एवं चेकलिस्ट त्रैमासिक भरा जाना है। जिसको मेल के द्वारा 06.02.2017 भेजा जा चुका है, जबकि किसी भी ईकाइयों का चेकलिस्ट एवं कमेटियो का विवरण प्राप्त नहीं हुआ है। जिसको अतिशिध्र उपलब्ध कारने हेतु कहा गया है।

चिन्हित चिकित्सा इकाई में भ्रमण के दौरान निम्नलिखित मुख्य कमीया पायी गयी जैसे चहारदीवारी की कमी, गाड़ी पार्किग स्थल की कमी, हर्बल गार्डेन की कमी, कैटल कैचर की कमी, अस्पताल साईन बोर्ड की कमी, ओवरहेड वाटर टैंक समयानुसार सफाई की कमी, ओ0पी0डी0 वार्ड एवं ओ0टी0 का मानकानुसार सफाई की कमी, थ्री बॉकेट सिस्टम की कमी, कर्मचारियों ड्रेस कोड का न होना, कुछ अस्पतालों पर बायो–मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में कमी, जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है, कुछ अस्पतालों पर कलर कोडेड बॉकेट सिस्टम की कमीं, कुछ अस्पतालों लिनेन व मैट्रस की कमी एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में–जल निकासी की समुचित व्यवस्था, गाड़ी पार्किग स्थल की कमी, हर्बल गार्डेन की कमी, ओवरहेड वाटर टैंक समयानुसार सफाई की कमी आदि के बारे में बताया गया है।

डॉ0 एम0पी0सोनकर ने चहारदीवारी कों मुख्य रूप से महत्वपूर्ण बताया गया, जिसका जबाब देते हुऐ, डॉ राजेन्द्र प्रसाद अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, महराजगंज ने सभी सदस्यो को इसके बारे में कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा समाधान हेतु असवाशन दिया गया तथा अन्य बिन्दुयों/कमीयों को चिकित्सा ईकाईयों द्वारा संज्ञान लेते हुऐ अपने स्तर से प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये।

बैठक के अन्त में , डिस्ट्रिक क्वालिटी कंसल्टेन्ट द्वारा सभी सदस्यों को बैटक में उपस्थित रहने एवं सहयोंग करने के लिए धन्यवाद दिया गया एवं बैठक मुख्य चिकित्साधिकारी –महराजगंज के अनुमति से समाप्त किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| (डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ) | (डा0सन्तोष कुमार ओझा) | 17.02.2017<br>(डॉ0आर0के0तिवारी) |
| अपर मुख्यचिकित्साधिकारी | डिस्ट्रिक क्वालिटी कंसल्टेन्ट | मुख्य चिकित्साधिकारी |
| महराजगंज | महराजगंज | महराजगंज |

पत्रांकः क्यू0ए0सी0/बैठक/2016–17/ 2133–17 तद्‌दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य चिकित्साअधिक्षक, संयुक्त चिकित्सालय, महराजगंज को सादर अवलोकनार्थ ।
2. समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, महराजगंज।
3. डा0 एस0के0 ओझा , कंसल्टेंट , क्वालिटी एश्योरेन्स , महराजगंज ।
4. डॉ0 अमरूल ईस्ताम, डिस्टिक हास्पिटल,क्वालिटी मैनेजर, महराजगंज।
5. समस्त चिकित्सा अधिक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/सामु0/प्रा0स्वा केन्द्र, जनपद–महराजगंज।

17.02.2017
( डॉ0आर0के0तिवारी )
मुख्य चिकित्साधिकारी
महराजगंज